# CENTRE FOR SKILL DEVELOPMENT

## Add on Courses (2022-23)

The session started with commencement of Add-on Courses in college for students to ace the competition in globalized world. This year also the Centre received an overwhelming response to its Add-on courses. More than 300 students enrolled themselves in 11 add-on courses organized by the centre during the academic session. The details of these courses are as follows:

### A. Add-on Courses in foreign languages

The advantages of learning foreign languages are mushrooming as the world becomes increasingly globalized and bilingualism is now perhaps the most useful real world skill to ever exist. The foreign language courses offered by the centre are conducted under the aegis of Department of Germanic and Romance Studies, University of Delhi and the Department of East Asian Studies, University of Delhi. More than 200 students were enrolled in these courses. During current academic session the Centre organized 7 foreign language courses as follows :


1. Certificate course in German
2. Certificate course in French
3. Certificate course in Spanish
4. Certificate course in Japanese
5. Certificate course in Korean
6. Diploma course in German
7. Diploma course in French

# विदेशी भाषाएं सीख कर बनाएं भविष्य

**जासं, पूर्वी दिल्ली :** डीयू के श्याम लाल कालेज के सेंटर फार स्किल डेवलपमेंट सेल ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी के साथ मिलकर शुरू किए एड आन कोर्स के लिए आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें छात्रों को विदेशी भाषाएं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निंग, डिजिटल एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग और आफिस आटोमेशन की पढ़ाई कराई जाएगी। इस पाठ्यक्रम के लिए 12वीं कक्षा पास किए छात्र कालेज की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्राचार्य रबि नारायण कर ने कहा कि एनआइईएलआइटी भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की स्वायत्त वैज्ञानिक सोसायटी है, जो सूचना और इलेक्ट्रानिक्स और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं और कौशल विकास पर कार्य करती है। अब सब कुछ डिजिटल व प्रौद्योगिकी पर निर्भर हो गया है। इसलिए ये कोर्स छात्रों का कौशल विकास बढ़ाने में भी मदद करेंगे और उनके लिए स्वरोजगार के विकल्प खोलेंगे।

सेंटर फार स्किल डेवलपमेंट की संयोजक डा. कविता अरोड़ा ने बताया कि 12वीं पास किए छात्र इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। कक्षाएं दीपावली के बाद शुरू की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को मंत्रालय और कालेज की ओर से प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे।




## ...से गणित में बेहतर ...ार्थी : सिसोदिया



भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्रों के गणितीय और तार्किक कौशल को देखकर चकित हैं।

शिक्षा निदेशालय की ओर से आयोजित मेंटल मैथ प्रतियोगिता बिना

## श्याम लाल कॉलेज के छात्र सीखेंगे स्टॉक एक्सचेंज और एआई के गुर

अमर उजाला ब्यूरो

**ओरिएंटेशन सेशन पहली फरवरी को और 6 को कक्षाओं की शुरुआत होगी**

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कॉलेज के छात्र अब स्टॉक एक्सचेंज और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के गुर सीखेंगे। कॉलेज का सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट ऐड ऑन कोर्स शुरू करने जा रहा है।


स्टॉक ट्रेडिंग कोर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के सहयोग से ओर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग, डिजिटल एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग कोर्स नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के सहयोग से शुरू होगा।

तीस घंटे की अवधि वाले स्टॉक मार्केट कोर्स में छात्र स्टॉक मार्केट में विशेषज्ञता हासिल करेंगे। इस कोर्स के लिए ओरिएंटेशन सेशन पहली फरवरी को होगा और 6 फरवरी को कक्षाओं की शुरुआत होगी। जबकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग व डिजिटल एंड सोशल मीडिया मार्केटिंग कोर्स के लिए कक्षाएं 31 जनवरी से शुरू होंगी। यह सभी वैकल्पिक कोर्स है। छात्र अपना कौशल बढ़ाने के लिए इनमें दाखिला ले सकते हैं। इन्हें कॉलेज की पढ़ाई के साथ भी किया जा सकता है। कॉलेज प्रशासन का मानना है छात्रों में स्किल को बढ़ावा देने के लिए ही इन कोर्सेज को शुरू किया है।

वर्तमान समय मे इन क्षेत्रों में छात्रों का ज्ञान होना जरूरी है। यह कोर्स भविष्य में उनके लिए रोजगार के दरवाजे भी खोल सकते हैं। इनमें दक्षता हासिल कर भविष्य में अपने व्यवसाय को भी खड़ा कर सकते हैं।

RASHTRIYA RAKSHA UNIVERSITY

**B. Mastering the Stock Market Course:** To provide learners with the relevant stock market knowledge in this ever-changing digital era, the Centre of Skill Development, in collaboration with the BSE Institute Ltd, offered the Certificate Course in Mastering the Stock Market. The course was attended by a batch of 23 students in February 2023.




B. **Fundamental Courses in IT (Information Technology):** Last few years have seen a great rise in demand for Artificial intelligence and digital marketing. So, to empower students with knowledge in these fields, the Centre for Skill Development, in partnership with the National Institute of Electronics and Information Technology, Delhi (NIELIT) (An Autonomous Scientific Society under the administrative control of the Ministry of Electronics & Information Technology (MoE&IT), Government of India) introduced the second edition of its 3 IT courses:

i. Fundamental course in Artificial Intelligence and Machine Learning,

ii. Fundamental Course in office automation, and

iii. Fundamental Course in Digital and Social Media Marketing.

The centre successfully ran the courses in February - March 2023 after receiving an overwhelmingly response.



## पाठ्यक्रम से मिलेगा रोजगार : रवि नारायण

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली :** दिल्ली विश्वविद्यालय के शाहदरा जीटी रोड स्थित श्यामलाल कालेज के सेंटर फार स्किल डेवलपमेंट (सीएसडी) ने 'इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी व स्टाक ट्रेडिंग' दो मासिक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इसमें बाम्बे स्टाक एक्सचेंज संस्थान का 'मास्टरिंग द स्टाक मार्केट' और नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रोनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलाजी (एनआइईएलआइटी) द्वारा आइटी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शामिल है। फरवरी माह की शुरुआत में इन दोनों पाठ्यक्रम की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।

रवि नारायण कर •

कालेज के प्राचार्य रबि नारायण कर ने बताया कि नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशल आधारित पाठ्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की कौशल क्षमता व तकनीकी ज्ञान को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें रोजगार के अधिक अवसर भी प्रदान करते हैं। आने वाला समय पूरी तरह से डिजिटल होगा, इसलिए यह दोनों ही पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए भविष्य में काफी लाभकारी साबित होंगे। इनसे विद्यार्थी स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित होते हैं।

सीएसडी की संयोजक डा. कविता अरोड़ा ने बताया कि एक फरवरी से आइटी और छह फरवरी से स्टाक मार्केट की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। दोनों पाठ्यक्रमों में 30-30 विद्यार्थियों का बैच बना है, जिनकी हफ्ते में तीन दिन दो घंटे की कक्षाएं लगेंगी। कक्षाएं को शुरू करने से पहले सारी तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

